महामाई करो कल्याण

आदि भवानी कष्टों के तारे आन पड़ा अब तेरे द्वारे,
माँ जन कल्याणी को प्रणाम है महामाई करो कल्याण,
है महामाई करो कल्याण...

तुमसे है ये जग उजियारा पतितो को तूने सदा उबारा,
अम्बे रानी है वरदानी २ सबको दे दो कृपा का दान,
आदि भवानी कष्टों...

द्वारे तेरे जो भी आया खाली नहीं तुमने लौटाया,
है दुःख हारिणि माँ भवतारिणी २ करती दुनिया है गुणगान,
आदि भवानी कष्टों....

दुर्गा दुर्गति नाशिनी मैया तू ही संभाले जीवन नैया,
भव सागर से पार लगा दे, तुझमे ही माँ बसे है प्राण,
आदि भवानी कष्टों के तारे आन पड़ा अब तेरे द्वारे,
माँ जन कल्याणी को प्रणाम है महामाई करो कल्याण,
है महामाई करो कल्याण....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26686/title/mahamayi-karo-kalyan

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |